20. आदेशित वस्तुओं का दाम अधिक लगाने की शिकायत करते हुए एक शिकायती पत्र लिखिए।

21. डेंगू के रोक थाम हेतु स्कूलों और कॉलेजों में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करते हुए तमिलनाडू राज्य स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एक परिपत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।

NOVEMBER 2024

**70216/100L1E/
100H1E**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — (5 × 3 = 15 marks)

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 50 शब्दों में हों।

1. रायसाहब ने दमडी से क्यों कठिनता से व्यवहार किया?

2. मित्रता और जान-पहचान में अंतर क्या है?

3. स्वामी विवेकानन्द की युवकों के प्रति उच्च आकांक्षा क्या थी?

4. मनुष्य जीवन की असफलता के कारण क्या हैं?

5. किन्हीं छः के हिन्दी पर्याय लिखिए।

   Savings Account, Deposit, Medical Leave, Daily Allowance, profit, Signature, Advisory Council, Ministry of Transport, Auditor, Personal Assistant.

6. किन्हीं छः के अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

अग्रिम, लाभ और हानि, बीजक, भविष्य निधि, कार्यालय आदेश, आकस्मिक छुट्टी, प्रबंधक, मुख्य न्यायाधीश, विधि आयोग, सूचना विभाग।

7. किन्हीं तीन के हिन्दी रूप लिखिए।

As mentioned below, As the case may be, Appear for interview, Speak, Arrears Statement.

8. किन्हीं तीन के अंग्रेजी रूप लिखिए।

आकृत और शून्य, पदच्युत, संशोधनार्थ, जैसा प्रकरण हो, पद के नाते

SECTION B — (4 × 5 = 20 marks)

किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या लिखिए। (3 × 5 = 15)

9. मुझसे ऐसी बेहूदा बातचीत करनी हो, तो यहाँ से चली जाओ, मैं अपने कानों से नहीं सुनना चाहता।

10. मित्रता जीवन और मरण के मार्ग में सहारे के लिए है। यह सैर-सपोट और अच्छे दिनों के लिए भी है तथा संकट और विपत्ति के बुरे दिनों के लिए भी है।

11. जो अपने आप में विश्वास नहीं करता, वह नास्तिक है। प्राचीन धर्मों ने कहा है, वह नास्तिक है, जो ईश्वर में विश्वास नहीं करता।

12. तथ्य तो यह है कि पदार्थों के उद्भासन के लिए विकिरण की जितनी मात्रा का उपयोग किया जाता है, वह इस सीमा से भी कम है।

13. हमें अपनी योग्यता को बरबाद करना पड़ रहा है, ग्रह दशा अच्छी नहीं है, साधन और संयोग प्रतिकूल है – इत्यादि।

किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (1 × 5 = 5)

14. कार्यालयीन पत्रों की भाषा कैसी होनी चाहिए?

15. कार्यालय आदर्श कब और कैसे लिखा जाता है?

SECTION C — (4 × 10 = 40 marks)

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2 × 10 = 20)

प्रत्येक उत्तर 500 शब्दों में हों।

16. सभ्यता का रहस्य पाठ का मूल्यांकन कीजिए।

17. 'युवाओं से' पाठ का सारांश लिखिए।

18. 'योग्यता और व्यवसाय का चुनाव' पाठ के संदेश को स्पष्ट कीजिए।

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2 × 10 = 20)

19. अपने घर का पता बदलने की सूचना देते हुए डाक अधिकारी के नाम एक पत्र लिखिए।